2018

HINDI

(Major)

Paper : 5.2

Full Marks : 60

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×7=7

(क) उषा प्रियंवदा को कब नई कहानियों का सर्वश्रेष्ठ कहानी पुरस्कार मिला था?

(ख) किस पठित कहानी में भारत-पाकिस्तान विभाजन की त्रासदी का चित्रण मिलता है?

(ग) 'पाजेब' शब्द का अर्थ क्या है?

(घ) चंदा ने पहली बार थाली में कितनी पूरियाँ रखी थीं?

(ङ) भोलाराम का घर कहाँ था?

(च) 'तिरिछ' के कहानीकार उदय प्रकाश को 'भारत-भूषण अग्रवाल' पुरस्कार कब मिला था?

(छ) 'उसने कहा था' कहानी के कहानीकार कौन हैं?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×4=8

(क) ''तुम्हीं ने तो उस नौकर की जात को शहजोर बना रखा है।'' यह किसने, किसको और क्यों कहा था?

(ख) रफीकुद्दीन का कौन-सा आश्वासन मिलने के पश्चात् देविन्दरलाल उनके साथ रह गए?

(ग) ''आस-पास के घरों की खिड़कियाँ तब बंद हो गयी थीं। जो लोग इस दृश्य के साक्षी थे, ...।'' इसमें कौन-से दृश्य की बात कही गयी है?

(घ) कहानी के कितने तत्त्व होते हैं? नामोल्लेख कीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 5×3=15

(क) ''प्रेम से ही अपराध-वृत्ति को जीता जा सकता है।'' आशय स्पष्ट कीजिए।

(ख) चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी' की कहानियों की विशेषताओं का आकलन कीजिए।

(ग) 'तिरिछ' कहानी के शीर्षक की सार्थकता पर आलोचना कीजिए।

(घ) ''उन्हें पता था पेशकार के बड़े लड़के की बहु खरी-खोटी सुनाती है। उसी के डर से सारा दिन टाल में पड़े रहते हैं।'' भावार्थ क्या है?

(ङ) 'मैं हार गई' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

4. सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

''जिद तो लड़कियाँ करती हैं और लड़कियाँ रोती हैं। कहीं बाबु साहब लोग रोते हैं!''

अथवा

''भलाई की साहसहीनता ही बड़ी बुराई है। घने बादल से रात नहीं होती, सूरज के निस्तेज हो जाने से होती है।''

5. '''भोलाराम का जीव' नामक कहानी के माध्यम से कहानीकार ने आधुनिक समाज-व्यवस्था में फैले भ्रष्टाचार को सुंदर ढंग से दिखाया है।'' सतर्क उत्तर दीजिए। 10

अथवा

'वापसी' कहानी की कथावस्तु का विश्लेषण कीजिए।

6. कहानीकार के रूप में चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी' **अथवा** 'यशपाल' का परिचय दीजिए। 10

अथवा

प्रेमचंदयुगीन हिन्दी कहानियों की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

★★★